Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80050/10-2015/

दिनांकः–

प्रेषक,

ई० शशि शेखर,
उप महाप्रबंधक (परि०),
बी.एम.एस.आई.सी.एल., पटना।

सेवा में,

बिरेन्द्र कुमार सिंह,
मकान संख्या–104, न्यु मार्केट,
कुलीपाड़ा, कटिहार,
पिनः–854105, बिहार एवं
ई–मेलः–bksingh1977@gmail.com

विषयः–एम०एस०डी०पी० योजना के तहत 30 शैयया वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर जिला–कटिहार का भवन निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः–

1.	इस कार्यालय का पत्रांकः–1123	दिनांकः–12.07.2017,
2.	पर्यवेक्षण परामर्शी का पत्रांकः–PTN-73	दिनांकः–29.07.2019,
3.	इस कार्यालय का पत्रांकः–2522	दिनांकः–07.08.2019,
4.	पर्यवेक्षण परामर्शी का पत्रांकः–PTN-261	दिनांकः–12.03.2020,
5.	इस कार्यालय का पत्रांकः–729	दिनांकः–22.04.2020,
6.	आपका पत्रांकः–213	दिनांकः–24.04.2020,
7.	आपका पत्रांकः–217	दिनांकः–02.05.2020,
8.	पर्यवेक्षण परामर्शी का पत्रांकः–PTN-20	दिनांकः–20.05.2020,
9.	इस कार्यालय का पत्रांकः–3780	दिनांक–05.08.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांकः–31.05.2016 को निर्गत किया गया एवं इस कार्य हेतु बाधामुक्त भूखंड दिनांकः–18.11.2016 को उपलब्ध करा दिया गया। कार्यादेश की कडिंका 5 के अनुसार भूखंड उपलब्धता की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह अर्थात 17.11.2017 तक थी, परंतु 51 माह की अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी कार्य लगभग 20 प्रतिशत ही पूर्ण हुआ है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूचि एवं संसाधनों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है एवं अनावश्यक रूप से निर्माण कार्य को कई बार बंद कर दिया गया है। विदित हो कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्रों एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार आपको निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा निर्माण कार्य को आज तक पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बलरामपुर, कटिहार का भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन
ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)

1/2

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– पर्यवेक्षण परामर्शी शिवा कंन्सलट्रेन्सी सर्विसेज प्रा० लि०, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषायांकित योजना जल्द से जल्द से प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– अंभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि संवेदक की निबंधन संख्या 23 (भवन)/2013 को आवंटित कार्य पूर्ण करने तक निलंबित करने की कृपा की जाय।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/
प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (परि०)
दिनांकः–02.10.2020
ज्ञापांकः– BMSIC/80050/10-2015/5442
प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के वेबसाइट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

01/10/2020
उप महाप्रबंधक (परि०)

2/2